विषय :– स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में।

कार्यालय सहायक प्रबन्धक (कार्मिक)
ग्लोबटेक क्रिएसन्स प्रा0 लिमिटेड
गोपालनगर सिसवा बजार
जनपद–महराजगंज।

अवगत कराना है कि मैं प्रार्थी राज कुमार पुत्र श्री राजाराम (संविदाकर्मी), 33/11 के0वी0वि0उ0 कौड़िहार, फाफामऊ, प्रयागराज पर कार्यरत हूँ। मैं उक्त उपकेन्द्र से पोषित 11 के0वी0 कंजिया फीडर पर विगत कई माह से कार्यरत था, परन्तु पिछले दो महीने से मेरा फीडर बदलकर 11 के0वी मंसूराबाद फीडर कर दिया गया है। नया फीडर होने के कारण मुझे पूरे क्षेत्र के बारे में बहुत जानकारी नहीं थी, परन्तु श्री हीरा लाल गुप्ता के औद्योगिक परिसर की जानकारी जैसे ही मुझे मिली, मेरे द्वारा अपने अवर अभियन्ता ई0 संदीप कुमार गौड को तत्काल दिनांक 23.08.2023 को सूचना दी गयी। क्योंकि यह एक हार्डकेस था जिसके लिए मेरे अवर अभियन्ता के द्वारा पत्र के माध्यम से प्रर्वतन दल (द्वितीय) को सूचित किया गया था।

अतः श्रीमान जी को अवगत कराना है कि मेरे ऊपर लगाये गये समस्त आरोप निराधार एवं गलत है। मेरे द्वारा हमेशा पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से विभाग के प्रति कार्य किया जा रहा है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

राजकुमार

प्रार्थी

राज कुमार (संविदाकर्मी)

33/11 के0वी0वि0उ0 कौड़िहार

फाफामऊ प्रयागराज